उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:– 07.04.2026

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

# मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद महोबा में व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित






मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद महोबा के समस्त थानों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित विशेष अभियान के क्रम में आज दिनांक 07.04.2026 को जनपद महोबा में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

उक्त कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में संपन्न कराए गए।

कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस टीमों द्वारा बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों एवं ग्राम/कस्बा क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उन्हें आश्वस्त किया गया कि किसी भी प्रकार की शिकायत, उत्पीड़न अथवा आपात स्थिति में पुलिस द्वारा त्वरित सहायता प्रदान की जाएगी।

पुलिस टीमों ने महिलाओं को घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, साइबर अपराध एवं अन्य महिला संबंधी अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181 आदि एवं मिशन शक्ति केंद्रों की सेवाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए यह संदेश दिया गया कि वे किसी भी प्रकार की समस्या के संबंध में निडर होकर पुलिस से संपर्क करें।

जनपद महोबा पुलिस महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम हेतु निरंतर सक्रिय एवं प्रतिबद्ध है।

## कानून-व्यवस्था एवं बैंकिंग सुरक्षा के दृष्टिगत महोबा पुलिस द्वारा चलाया गया बैंक चेकिंग अभियान...।


आज दिनांक 07.04.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निर्देशन में, रविवार की साप्ताहिक अवकाश के उपरांत सोमवार को बैंक खुलते ही जनपद महोबा में बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान बैंकिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से संचालित किया गया।

अभियान के दौरान महोबा पुलिस द्वारा बैंकों के अंदर एवं बाहर संदिग्ध व्यक्तियों, बैंक में आने-जाने वाले ग्राहकों तथा वाहनों की सघन जांच की गई। साथ ही बैंक परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, सुरक्षा गार्डों की तैनाती एवं अन्य सुरक्षा प्रबंधों का भी निरीक्षण किया गया।

पुलिस अधिकारियों द्वारा बैंक प्रबंधकों एवं कर्मचारियों को सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए गए।

इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में बैंक चेकिंग की गई, जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच की गई तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सुरक्षा एवं सतर्कता के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसके साथ ही आमजन को साइबर ठगी से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया गया।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बैंकिंग लेन-देन के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना है। महोबा पुलिस द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:- 07.04.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा


## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक 07.04.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।

जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।

साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।












महोबा पुलिस — समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा देर रात्रि थाना श्रीनगर का औचक निरीक्षण, दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश...

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा थाना श्रीनगर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क, आवासीय बैरक सहित थाना परिसर के विभिन्न अनुभागों का गहन अवलोकन किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना क्षेत्र के प्रमुख अपराधों की समीक्षा करते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों, संवेदनशील स्थलों एवं मुख्य मार्गों की स्थिति के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही, भूमि विवाद एवं अन्य आपराधिक प्रकृति के मामलों की समीक्षा कर उनके त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।

आगामी 14 अप्रैल को आयोजित होने वाली डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु जुलूस/कार्यक्रमों के रूट निर्धारण, संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती तथा आयोजकों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए, जिससे सभी कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हो सकें।

निरीक्षण के दौरान अपराध रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, हिस्ट्रीशीटर रजिस्टर, फ्लाईशीट एवं टॉप-10 रजिस्टर का गहन परीक्षण किया गया। अभिलेखों के अद्यावधिक रख-रखाव, नियमित प्रविष्टि एवं सूचनाओं की शुद्धता सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए, जिससे प्रशासनिक एवं विधिक कार्यवाही में पारदर्शिता बनी रहे।

पुलिस अधीक्षक द्वारा हिस्ट्रीशीटर एवं सक्रिय अपराधियों की गतिविधियों की समीक्षा कर उनके विरुद्ध प्रभावी एवं कठोर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा सतत निगरानी एवं समय-समय पर सत्यापन करने के निर्देश दिए गए।

थाना परिसर का भ्रमण कर आवासीय बैरकों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिए गए। साथ ही, साफ-सफाई व्यवस्था, मालखाना, हवालात एवं कार्यालय कक्षों की स्थिति का जायजा लेकर लावारिस/जब्त वाहनों के शीघ्र निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त, रात्रि गश्त को और अधिक सुदृढ़ बनाने, संवेदनशील स्थानों पर नियमित चेकिंग करने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखने तथा बीट पुलिसिंग को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान थानाध्यक्ष श्री जयचन्द्र सिंह सहित समस्त थाना स्टाफ उपस्थित रहा।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक:– 07.04.2026**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी ली गयी, टोलीवार निरीक्षण एवं ड्रिल करायी गयी, रिक्रूट आरक्षियों को संबोधित किया एवं पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं को परख दिए आवश्यक निर्देश...।


आज दिनांक 07.04.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन महोबा में साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी ली गई। परेड उपरांत टोलीवार निरीक्षण कर अनुशासन की दृष्टि से जनपदीय पुलिस एवं रिक्रूट आरक्षियों से टोलीवार ड्रिल कराई गई तथा शारीरिक व मानसिक दृढ़ता को बनाए रखने के उद्देश्य से दौड़ कराई गई।


इसी क्रम में पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों को संबोधित करते हुए पुलिस बल की गरिमा, कर्तव्यनिष्ठा एवं अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को अनुशासन, एकरूपता, स्वच्छ वर्दी धारण करने तथा परिसर की स्वच्छता बनाए रखने जैसे मूलभूत बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किया।

इसके उपरांत अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं को परखा जिसमें नवचयनित आरक्षियों के बैरक, क्लासरूम, मेस व भोजनालय का निरीक्षण कर स्वच्छता एवं अनुशासन बनाए रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

परेड के बाद अर्दली रूम कार्यवाही के दौरान गार्द रजिस्टरों की जांच की गई तथा अधिकारियों/कर्मचारियों को अनुशासन एवं कार्यकुशलता बनाए रखने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।









@MahobaPolice

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक:– 07.04.2026**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

उत्तर प्रदेश पुलिस

**◈ जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण का भव्य आगाज़, शक्ति संवाद कार्यक्रम से महिला सशक्तिकरण को मिली नई दिशा।**

**◈ वीरभूमि डिग्री कॉलेज, महोबा में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता पर दिया गया विशेष जोर...।**

जनपद महोबा में आज दिनांक 07.03.2026 को मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से वीरभूमि डिग्री कॉलेज, महोबा के सभाकक्ष में "शक्ति संवाद" कार्यक्रम का भव्य एवं प्रेरणादायी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्योति प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी महोबा श्रीमती गजल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, आत्मनिर्भरता एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक करना तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना रहा।

अपने संबोधन में अधिकारियों ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत महिला संबंधी समस्याओं को चिन्हित कर उनका त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। हेल्पलाइन सेवाओं के माध्यम से शिकायतों का निस्तारण कर उनकी नियमित समीक्षा की जा रही है। साथ ही युवाओं से आह्वान किया गया कि वे ऐसे जागरूकता अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

कार्यक्रम के दौरान महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों—जैसे आपातकालीन सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 1090, साइबर सुरक्षा, आत्मरक्षा एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं—पर विस्तृत जानकारी दी गई। महिलाओं एवं छात्राओं को किसी भी प्रकार की उत्पीड़न या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर महिला सशक्तिकरण के प्रति शासन-प्रशासन की प्रतिबद्धता को दोहराया गया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला पुलिस अधिकारियों एवं वन स्टॉप सेंटर महोबा की टीम को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस दौरान जनपद की महिला पुलिस अधिकारी, वन स्टॉप सेंटर की अधिकारीगण, डिग्री कॉलेज के शिक्षकगण सहित छात्राएँ मौजूद रहीं।

"मिशन शक्ति" — सुरक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर महिला समाज की ओर एक मजबूत कदम।





